# यूपीईएस व एसजीआरआर विवि के बीच एमओयू

- दोनों संस्थान शोध समेत विभिन्न क्षेत्रों में मिलकर करेंगे कार्य

■ सहारा न्यूज ब्यूरो

देहरादून।

यूनिवर्सिटी आफ पेट्रोलियम एण्ड एनर्जी स्टडीज (यूपीईएस) और एसजीआरआर यूनिवर्सिटी के बीच एक एमओयू साइन किया गया। इसके तहत दोनों संस्थान कम्प्यूटर साइंस एण्ड टेक्नोलाजी,अनुसंधान सहयोग, योगिक साइंस व ट्रेनिंग एण्ड प्लेसमेंट पर मिलकर काम करेंगे।

बृहस्पतिवार को यूपीईएस की ओर से कुलसचिव मनीष मदान एवं एसजीआरआर विवि की ओर से डा. लोकेश गम्भीर ने एमओयू पर साइन किये। एमओयू से यूपीईएस के शिक्षक और छात्र श्री महंत इन्द्रेश अस्पताल, फार्मास्युटिकल साइंसेज स्कूल और एसजीआरआर मेडिकल कालेज का दौरा करेंगे। वहीं एसजीआरआर विवि के छात्रों को यूपीईएस की विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग, कला और गणित सुविधाओं का अनुभव मिलेगा, जहां वे संकाय से संवाद करेंगे और प्रायोगिक शिक्षण में भाग लेंगे। सहयोग का प्रमुख उद्देश्य छात्रों के प्रशिक्षण और विकास पर केंद्रित है। दोनों संस्थान फैकल्टी एक्सचेंज और मेंटरशिप कार्यक्रमों की संभावनाएं भी तलाशेंगे। एमओयू होने पर एजीआरआर विवि के अध्यक्ष महंत देवेन्द्र दास महाराज ने हर्ष जताया।



एमओयू साइन करते दोनों से संस्थानों के पदाधिकारी।

एसजीआरआर विवि की कुलपति डा. कुमुद सकलानी ने कहा कि एमओयू का लाभ दोनों संस्थानों के छात्र-छात्राओं और फैकल्टी सदस्यों को मिलेगा। यूपीईएस के कुलपति डा. राम के शर्मा ने कहा कि एमओयू के अन्तर्गत दोनों संस्थानों के रिसर्च स्कालर्स को मिलकर काम करने का अवसर मिलेगा। इस अवसर विपिन घिल्डियाल (मुख्य सलाहकार एसजीआरआर एजुकेशन मिशन), प्रो. द्वारिका मैठाणी डायरेक्टर इनोवेशन एण्ड इन्क्यूबेशन सेंटर, डा. सुरेन्द्र रयाल आदि मौजूद थे।